वीयू – अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ

पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा में चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा में जबलपुर के माननीय कुलपति महोदय एवं विंध्य क्षेत्र माटीपुत्र प्रो. एस. पी. तिवारी जी के मार्गदर्शन मे चार दिवसीय (12–15 फरवरी 2024) अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ''अद्वैतम 2024 का शुभारम्भ दिनांक 12.02.2024 को प्रो. राजकुमार आचार्य, माननीय कुलपतिजी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के उद्‌घाटन समारोह मे विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. पी. शुक्ला, माननीय प्रबंध प्रमंडल सदस्य, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं डॉ. एम.के अग्निहोत्री पूर्व ए.डी.जी, आई.सी.ए. आर. नई दिल्ली थे। अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ के समन्वयक डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आर्गनाईजर डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा। माननीय कुलपति आचार्य जी ने स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य दिमाग का विकास होता है कथन पर जोर देते हुये सभी महाविद्यालयों (पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर, महू, रीवा एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर) के प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ विभिन्न प्रातियोगिता मे भाग लेने हेतु प्रेरित किया। डॉ. एस.पी. शुक्ला जी द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं को छात्र जीवन के सर्वांगीण विकास की महत्वता पर जोर दिया। डॉ एम.के अग्निहोत्री जी ने खेलकूद को प्रतिदिन अपने दैनिक जीवन में खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। डॉ. आदित्य मिश्रा जी ने सभी प्रतियोगियों को खेलकूद को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. के. के.एस. बघेल, पूर्व अधिष्ठाता ने खेलकूद के प्रति अपने रूझान एवं पूर्व अनुभव साझा किये। डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने उद्‌घाटन सत्र के दौरान स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य दिमाग का वास होता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस. के. महाजन, अधिष्ठाता मत्य विज्ञान, डॉ. राजा भैया मिश्रा, डॉ. अनवर आलम खान, डॉ. सोना दुबे, विश्वविद्यालय आई.पी.आर.ओ. सभी महाविद्यालयों के टीम प्रबंधक एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल मशाल को प्रज्वलित कर, मार्च पास्ट, आकाश में गुब्बारों को छोड़कर किया गया। मुख्य खेल प्रतियोगिताएं–टग आफ वार, एथलेटिक्स, पेंटिंग, कबड्डी, खो–खो, बॉलीवाल, बैडमिंटन एवं रंगोली इत्यादि रहीं। अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओ में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, एवं महू के 76–76 छात्र एवं रीवा महाविद्यालय के 83 छात्र भाग लेगें। विश्वविद्यालय की ओर से सभी महाविद्यालय के छात्रों को महाविद्यालय नाम अंकित टी–शर्ट, ट्रैकसूट एवं कैप का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वतंत्र कुमार सिंह आर्गनाइजिंग सिकेट्री एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संपादन महाविद्यालय स्तर पर गठित समितियों के समन्वयक एवं सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। खेल प्रतियोगितायें छात्र/छात्राओं में अनुशासन एवं व्यवहारिक भाई चारा को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र/छात्राएं उत्साह पूर्वक बढ–चढ़ कर सम्मिलित हुए।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर